# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2026 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## सोमवार, दिनांक 23 फरवरी, 2026 (फाल्गुन 4, 1947)

### समय 11.00 बजे दिन.

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) **डॉ.कुंवर विजय शाह, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन मंत्री,** कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य परिसम्पत्ति प्रबंधन कंपनी लिमिटेड का तृतीय वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

(2) **श्री एदल सिंह कंषाना, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री,** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अधिनियम, 1963 (क्रमांक 12 सन् 1963) की धारा 40 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) की वैधानिक ऑडिट रिपोर्ट वर्ष 2023-2024 (उप संचालक, स्थानीय निधि संपरीक्षा, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा प्रेषित प्रमुख आपत्तियां, स्पष्टीकरण हेतु उत्तर एवं प्रमण्डल की टिप्पिणयां) पटल पर रखेंगे.

(3) **श्री चेतन्य कुमार काश्यप, खनिज साधन मंत्री (डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री द्वारा अधिकृत),** जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम 2016 के नियम 18 (3) की अपेक्षानुसार जिला खनिज प्रतिष्ठान जिला-भोपाल, शहडोल, छतरपुर, शाजापुर, दतिया एवं नर्मदापुरम का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2022-2023 तथा जिला-नर्मदापुरम, अनूपपुर, दमोह, पन्ना, धार एवं उमरिया का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

(4) **श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री, -**

(क) मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 47 की अपेक्षानुसार –
- (i) महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024,
- (ii) रानी अवन्तीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025,
- (iii) क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025,
- (iv) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025,
- (v) क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगौन (म.प्र.) का प्रथम वार्षिक पालन प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025,
- (vi) पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 एवं
- (vii) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 तथा

(ख) महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1991 (क्रमांक 9 सन् 1991) की धारा 36 की उपधारा (5) की अपेक्षानुसार महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025,

(ग) अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 की धारा 44 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल का तेरहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 तथा

(घ) मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय अधिनियम, 1991 (क्रमांक 20 सन् 1991) की धारा 29 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025
पटल पर रखेंगे.

(5) **श्री लखन पटेल, राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी,** मध्यप्रदेश पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (क्रमांक 16 सन् 2009) की धारा 38 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र) का वार्षिक लेखा विवरण वित्तीय वर्ष 2024-2025 पटल पर रखेंगे.

## 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) **श्री भूपेन्द्र सिंह, सदस्य,** खुरई विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत शासकीय महाविद्यालय खुरई में रिक्त पदों की पूर्ति, स्टेडियम निर्माण एवं बी.एड., विधि संकाय के नवीन पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्रीमती सेना महेश पटेल, श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** गांधी मेडिकल कालेज, भोपाल में एम.बी.बी.एस. छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी.

(3) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना विधान सभा अन्तर्गत छत्रशाल महाविद्यालय अजयगढ़ एवं खोरा महाविद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ की पद पूर्ति, स्नातकोत्तर की कक्षाएं तथा शासकीय विधि महाविद्यालय प्रारम्भ किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) **सर्वश्री भैरो सिंह बापू, अनिरूद्ध (माधव) मारू, डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, सदस्य,** प्रदेश के अनेक जिलों में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल नष्ट होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) **श्री केशव देसाई, सदस्य,** भिण्ड जिले के ग्राम सुनारीपुरा से ऐनो तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री दिनेश राय मुनमुन, सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम कोहका से कंडीपार तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(3) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम सुकेरा से अनुसूचित जाति मोहल्ले के घटोरिया बाबा नाले पर रपटा/पुल निर्माण कराये जाने,

(4) **श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके, सदस्य,** बैतूल जिले के ग्राम बैराबाड़ी से गौनाफर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(5) **श्री अरूण भीमावद, सदस्य,** शाजापुर जिले के ग्राम तुहेडिया से पिपलोदा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले के डबरा अंतर्गत रावतपुरा के पास अम्बेडकर पार्क स्थित अनुसूचित जाति बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के बरेण्डा से हरिपुर तक डामरीकृत सड़क निर्माण कराये जाने,

(8) **इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले के ग्राम चितौरा से पिपरिया रामवन तक ग्रेवल सड़क निर्माण कराये जाने,

(9) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिंदवाड़ा जिले के ग्राम झांकी ढाना से दमुआमाल तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(10) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम मारूगढ़ में पुलिया निर्माण कराये जाने,

(11) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम मटंगवा से बसोरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(12) **श्री आतिफ आरिफ अकील, सदस्य,** पुराने भोपाल शहर की निचली बस्तियों में सीवेज निकासी हेतु नाली निर्माण कराये जाने,

(13) **डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान, सदस्य,** उज्जैन जिले के नागदा व खाचरोद की कृषि उपज मण्डी का नामकरण किये जाने,

(14) श्री **अनिल जैन (निवाड़ी), सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम बसोबा सेदोन एवं बरवाहा से झिंगौरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** शिवपुरी जिले के नरवर में ग्राम पंचायत बरखाडी में निजैया बाला नाले पर रपटे का पुन: निर्माण कराये जाने,

(16) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले के ग्राम कुण्डी एवं कोठड़ा अंतर्गत नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(17) **श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, सदस्य,** सागर शहर के बाघराज वार्ड में पुलिया निर्माण कराये जाने,

(18) **श्री राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम रावतपुरा में ट्रांसफार्मर लगाये जाने,

(19) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले की ग्राम पंचायत कट्ठीवाडा में पंचायत भवन का निर्माण कराये जाने,

(20) **श्री श्याम बरडे, सदस्य,** बड़वानी जिले के शिवनी-मांडवी से वझर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(21) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम विरावली (किरावली मानगढ़) को एकल संपर्क सड़क मार्ग से जोड़े जाने,

(22) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** निवाड़ी जिले के ग्राम बारहो बुजुर्ग में सड़क एवं पुलिया निर्माण कराये जाने,

(23) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के मुरार अंतर्गत राई में सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण कराये जाने,

(24) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले के जडवासा खुर्द से बांगरोद तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(25) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के जावरा में असावती, हतनारा व रानी के पशु औषधालय में नवीन भवन स्वीकृत किये जाने,

(26) **श्री विपीन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले के भुनियाखेड़ी आवासीय कॉलोनी में वंचित हितग्राहियों को भूखण्ड प्रदाय किये जाने,

(27) **श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य,** नीमच जिले के ग्राम चल्दू में हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(28) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम देरी में विद्युत उपकेन्द्र बनाये जाने,

(29) **श्री राजेन्द्र भारती, सदस्य,** दतिया जिले के ग्राम हिनौतिया में खेल मैदान स्वीकृत कर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराये जाने,

(30) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** सीहोर जिले के आष्टा अंतर्गत कोठरी से छापरी जाने वाले मार्ग पर स्थित नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य,** गुना शहर के वार्ड क्रमांक 33 में सड़क निर्माण कराये जाने,

(32) **श्रीमती मनीषा सिंह, सदस्य,** शहडोल जिले के हर्री के पास एन.एच.-43 से नवलपुर स्थित पंडित शंभूनाथ शुक्ल पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृत कराये जाने,

(33) **श्री हजारीलाल दांगी, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम भगोरा से खेरिया-कंवराखेड़ी के मध्य कालीसिंध नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री घनश्याम चन्द्रवंशी, सदस्य,** शाजापुर जिले के नगर पोलाय कला स्थित स्टेडियम की पूर्वी भाग की बाउंड्रीवॉल एवं द्वार निर्माण कराये जाने,

(35) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में कृषि महाविद्यालय संचालित कराये जाने,

(36) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा जिले के ग्राम गोगिया से सन्यासा तक सड़क निर्माण कार्य कराये जाने,

(37) **श्री सुनील उईके, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम मोरछी से नदी की पुलिया तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(38) **श्री अनिरूद्ध (माधव) मारू, सदस्य,** नीमच जिले के कुकड़ेश्वर नगर में कन्या महाविद्यालय स्वीकृत कराये जाने,

(39) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के ग्राम मौहारी कटरा एवं देऊ में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का भवन निर्माण कराये जाने,

(40) **श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, सदस्य,** अशोकनगर जिले के अथाईखेड़ा से छैवलाई में नवीन सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत कराये जाने,

(41) **श्री भैरो सिंह बापू, सदस्य,** आगर-मालवा में श्री कालवा बालाजी हनुमान मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित कराये जाने,

(42) **सुश्री रामश्री राजपूत (बहिन रामसिया भारती), सदस्य,** छतरपुर जिले के अगरोठा माध्यमिक शाला को हाई स्कूल में उन्नयन कराये जाने,

(43) **श्री सचिन बिरला, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम सुल्तानपुरा व गंगापुर-बोरई के मध्य स्थित कोलार नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,

(44) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दसई एवं बरमंडल का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कराये जाने,

(45) **श्री मोहन शर्मा, सदस्य,** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में वार्षिक 'नरसिंहगढ़ महोत्सव' का आयोजन कराये जाने,

(46) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के उप-स्वास्थ्य केन्द्र कोडिया का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कराये जाने,

(47) **कुँवर अभिजीत शाह, सदस्य,** हरदा जिले के टिमरनी में तवा, शहीद इलाप सिंह तथा मोरंड गंजाल परियोजना के आउट कमान्ड के ग्रामों में सिंचाई व्यवस्था कराये जाने,

(48) **श्री महेंद्र रामसिंह यादव, सदस्य,** शिवपुरी जिले के कपिल मुनी आश्रम केलधार का उन्नयन किये जाने,

(49) **श्री देवेन्द्र रामनारायन सखवार, सदस्य,** मुरैना जिले के झारन का पुरा से बड़फरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(50) **श्री कामाख्या प्रताप सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम अलीपुरा नौगांव के तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं घाट निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री फुन्देलाल सिंह मार्को, सदस्य,** अनूपपुर जिले के ग्राम पक्कूपानी वार्ड 10 में विद्युतीकरण कराये जाने,

(52) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ग्राम पंचायत पठा से पहाड़ी तिलवारन, सागौनी की ओर जाने वाले मार्ग पर पक्की डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत कराये जाने,

(53) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले के लालबर्रा ब्लॉक में स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स मैदान को स्वीकृति प्रदान कराये जाने,

(54) **श्री गौरव सिंह पारधी, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम चांदाडोह से सीतापठौर मार्ग पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(55) **श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, सदस्य,** खण्डवा जिले के जावर सिहाड़ा माईक्रो उद्वहन से सिंचाई कराये जाने,

(56) **श्री केदार चिड़ाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम केली तलकपुरा एवं ब्लाक मुख्यालय सेगांव में कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल के नवीन भवन स्वीकृत कराये जाने,

(57) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम फरस्वाहा में मुख्य सड़क से पटाही मजरा होते हुये पंचायत भवन तक रामलीला मंदिर प्रांगण तक सी.सी. रोड निर्माण कराये जाने,

(58) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के ग्राम उबरा से मनघटा होते हुये धवैया तक पहुंच मार्ग निर्माण कराये जाने,

(59) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम पंचायत माल्हन अंतर्गत सलेहा मुख्य मार्ग से सिमरी तक पक्की सड़क निर्माण कराये जाने,

(60) **श्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल, सदस्य,** धार जिले के ग्राम कुण्डारा जनपद पंचायत कुक्षी में बिजली ट्रांसफार्मर लगवाये जाने,

(61) **श्री रजनीश हरवंश सिंह, सदस्य,** सिवनी जिले के उगली को जनपद पंचायत बनाये जाने,

(62) **श्री प्रदीप पटेल, सदस्य,** मऊगंज जिले के ग्राम पंचायत देवरा के वार्ड क्र-18 अनुसूचित जाति बस्ती तक ग्रेवल मार्ग निर्माण कराये जाने,

(63) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले के मण्डी बोर्ड निधि से खेड़ा सादलपुर व्हाया नागगुराड़िया तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(64) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले के ग्राम पंचायत नाका अंतर्गत बमरोली मुख्य मार्ग से सिचावली के पुरा तक सी.सी. मार्ग निर्माण कराये जाने,

(65) **डॉ. अभिलाष पाण्डेय, सदस्य,** जबलपुर जिले के पाण्डेय चौक से दीक्षित पुरा स्कूल होते हुये दीक्षित पुरा तिराहे तक सी.सी. मार्ग निर्माण कराये जाने,

(66) **श्री विवेक विक्की पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के विकासखण्ड खैरलांजी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय की स्थापना किये जाने,

(67) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम रिठोंदन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित रोड का मरम्मत कार्य कराये जाने,

(68) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले की ग्राम पंचायत सोनौरी से सकरवट तक पी.सी.सी.रोड निर्माण एवं सोनौरी नंदनीपुरा के जी.एस.बी. रोड का डामरीकरण कराये जाने,

(69) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम वखेड व रसूलपुरा में विद्युत ग्रिड की स्थापना कराये जाने,

(70) **श्रीमती प्रियंका पैंची, सदस्य,** गुना जिले के वीनागंज एवं कुम्भराज कृषि उपज मण्डी में नवीन प्रांगण उपलब्ध कराये जाने,

(71) **श्री प्रेमशंकर कुंजीलाल वर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम जिले के ग्राम हिरणखेड़ा में पुलिस चौकी बनवाये जाने,

(72) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के जबासा एवं भुजपुरा शासकीय माध्यमिक विद्यालय के अधूरे भवन का निर्माण कराये जाने,

(73) **श्री श्रीकान्त चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के बरही मुख्य मार्ग से इटहरा वार्ड क्र.01 व्हाया लटागांव तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

निर्धारित समय

## 5. वर्ष 2025-2026 के तृतीय अनुपूरक अनुमान की मांगों पर मतदान

1 घण्टा

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे -

"दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 1, 3, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 18, 20, 22, 23, 24, 25, 29, 35, 37, 40, 47, 48, 50 एवं 54 के लिए राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर पंद्रह हजार नौ सौ अठावन करोड़, उनहत्तर लाख, तीस हजार, पिचासी रुपये की अनुपूरक राशि दी जाये.".

## 6. शासकीय वित्त विषयक कार्य

**श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री (वित्त)**, मध्यप्रदेश विनियोग विधेयक, 2026 (क्रमांक 1 सन् 2026) का पुर:स्थापन* करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

## 7. वर्ष 2026-2027 की अनुदानों की मांगों पर मतदान

| निर्धारित समय | | मांग संख्या | विभाग |
|---|---|---|---|
| 2 घण्टा | (1) | मांग संख्या – 1 | सामान्य प्रशासन |
| | | मांग संख्या – 2 | विमानन |
| | | मांग संख्या – 3 | गृह |
| | | मांग संख्या – 4 | पर्यावरण |
| | | मांग संख्या – 5 | जेल |
| | | मांग संख्या – 10 | वन |
| | | मांग संख्या – 11 | औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन |
| | | मांग संख्या – 21 | लोक सेवा प्रबन्धन |
| | | मांग संख्या – 25 | खनिज साधन |
| | | मांग संख्या – 29 | विधि और विधायी कार्य |
| | | मांग संख्या – 32 | जनसम्पर्क |
| | | मांग संख्या – 41 | प्रवासी भारतीय |
| | | मांग संख्या – 46 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी |
| | | मांग संख्या – 48 | नर्मदा घाटी विकास |
| | | मांग संख्या – 52 | आनंद |
| 1 घण्टा 30 मि. | (2) | मांग संख्या – 18 | श्रम |
| | | मांग संख्या – 30 | ग्रामीण विकास |
| | | मांग संख्या – 40 | पंचायत |
| 1 घण्टा 30 मि. | (3) | मांग संख्या – 22 | नगरीय विकास एवं आवास |
| | | मांग संख्या – 28 | राज्य विधान मण्डल |
| 1 घण्टा 30 मि. | (4) | मांग संख्या – 24 | लोक निर्माण कार्य |

भोपाल :
दिनांक : 22 फरवरी, 2026

अरविन्द शर्मा
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

*अनुपूरक मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत होने के तुरन्त पश्चात्.